एक नजर में

## नृत्य जत्रा में प्रतिभागियों ने सीखा मोहिनीअट्टम



इंदौर. नई पीढ़ी को भारतीय लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कला से जोड़ने के उद्देश्य से मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित चार दिवसीय लोककला एवं लोकनृत्य कार्यशाला नृत्य जत्रा के तीसरे दिन प्रतिभागियों को मोहिनीअट्टम एवं विभिन्न लोकनृत्यों का प्रशिक्षण दिया गया. प्रसिद्ध नृत्यांगना और नालन्दा नृत्य कला महाविद्यालय में प्रदर्शन कला की सह-प्राध्यापिका डॉ. माधुरी देशमुख ने युवाओं को मोहिनीअट्टम की बारीकियों से अवगत कराया और पारंपरिक नृत्य शैलियों का अभ्यास करवाया. कार्यक्रम संयोजक ज्योत्स्ना सोहनी एवं तृप्ति महाजन ने बताया कि कार्यशाला में विशेष प्रशिक्षण देने के लिए डॉ. माधुरी देशमुख आमंत्रित हुईं. उनका स्वागत सुधीर दांडेकर एवं मनीषा लिखिते द्वारा किया गया. लोकमान्य विद्या निकेतन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में जूनियर वर्ग के प्रतिभागी सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा सीनियर वर्ग के प्रतिभागी दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. संस्था के राजेश शाह ने बताया कि रविवार 31 मई को कार्यशाला का समापन होगा. समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षु विभिन्न नृत्य समूहों में रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे.

## ऑडिशन में प्रतिभा दिखाने पहुंचे कलाकार



इंदौर. नसिया रोड स्थित क्रिश्चियन कॉलेज में केकेसी क्लब एवं संगीत सेवा सहारा द्वारा आयोजित टैलेंट शो में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए बड़ी संख्या में हर उम्र के कलाकार पहुँचे. और सभी ने उत्साह दिखाया. आयोजक दीपक पाठक और रेखा रावल ने बताया कि पहले दिन मध्य प्रदेश सहित राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट, उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से कलाकार आये. सभी ने अपनी प्रतिभा का बखूबी परिचय दिया. कराओगे ट्रैक पर हुए आडिशन में प्रतिभागियों ने फिल्मी गीत गाकर जजेस को प्रभावित किया. आडिशन की शुरूआत सुबह 10 बजे हुई और रात तक जारी रही. पहले दिन 84 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिये. 31 मई को भी आडिशन सुबह से लेकर रात तक जारी रहेगे. रेखा रावल ने बताया कि हमारा यह आयोजन देश के कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है. केकेसी टैलेंट शो का यह आयोजन कुल चार राउंड मे तैयार किया गया है, चारों राउंड इंदौर मे हो रहे है. इसमें किसी भी उम्र के गायक कलाकार शामिल हो सकते है. निर्णायक द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर अगले राउंड मे चयन होगा. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा. सीजन-1 का ग्रेंड फीनाले 14 जून को होगा.

## नीमा धर्मशाला में भागवत ज्ञान यज्ञ आज से



इंदौर. श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट की स्थापना के हीरक जयंती महोत्सव, पुरुषोत्तम मास एवं मालगंज चौराहा स्थित नवश्रृंगारित नीमा धर्मशाला भवन के उपलक्ष्य में रविवार से 6 जून तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दिव्य आयोजन का शुभारंभ सुबह 9 बजे दशा नीमा समाज धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा के साथ होगा. श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यनारायण नीमा एवं प्रमुख ट्रस्टी पूर्व पार्षद महेश नीमा गामा ने बताया कि बुरहानपुर के प्रख्यात भागवताचार्य पं. आदित्य मुखिया के श्रीमुख से भागवत कथामृत वर्षा होगी. वे शोभायात्रा में एक सुसज्जित रथ पर भागवतजी के साथ विराजित होकर भक्तों का अभिवादन स्वीकार करेंगे. कथा संयोजक सतीश नीमा मालक एवं ट्रस्ट के मंत्री कमल नीमा ने बताया कि शोभायात्रा नीमा धर्मशाला से इतवारिया बाजार, नरसिंह बाजार, लोधीपुरा होते हुए पुन: कथा स्थल पहुंचेगी जहाँ भवन की छत पर सुन्दर पंडाल एवं व्यास पीठ का निर्माण किया गया है। प्रतिदिन दोपहर 4 से शाम 7 बजे तक होगी।

## सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव 4 जून से

इंदौर. पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में वैसे तो शहर में अनेक आयोजन हो रहे हैं लेकिन गुरुवार 4 जून को एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर देवभूमि गुप्त काशी-केदारखंड में महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' के सानिध्य में रहकर कर्मकांड एवं सनातन धर्म से जुड़े अनेक विषयों और विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने वाले श्री श्रीविद्याधाम के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में हो रहे सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव का पहला न्योता उज्जैन में महाकालेश्वर, माँ हरसिद्धि, इंदौर में माँ त्रिपुर सुंदरी भगवती के चरणों में समर्पित किया गया. इस अनुष्ठान में भगवान विष्णु एवं महालक्ष्मीजी के श्रीयंत्र का विशेष पूजन-अर्चन होगा, कन्या पूजन, सौभाग्यवती पूजन एवं ब्राह्मण पूजन का भी शास्त्रोक्त विधि से पालन होगा. नरसिंह वाटिका में इस मौके पर माँ भगवती का दरबार भी सुश्रृंगारित किया जाएगा. इस अनुष्ठान के सूत्रधार आचार्य ब्रह्मचारी प्रशांत ने बताया कि 4 जून को अपराह्न 4 बजे से प्रख्यात भजन गायकों द्वारा माँ भगवती के दरबार को श्रृंगारित कर वहां भजनों की प्रस्तुति के पश्चात शाम 5 बजे से संध्याकालीन साधना विधान प्रारंभ होगा जिसमें 21 वेदपाठी बटुक एवं 11 अन्य विद्वान विधि विधान पूर्वक श्रीचक्र साधना क्रम का शुभारंभ करेंगे.



## जिम्मी मगिलिगन सेंटर में पर्यावरण संवाद सप्ताह शुरु



इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में पर्यावरण संवाद सप्ताह का शुभारंभ वीरेंद्र गोयल, डॉ. नीरजा पौराणिक और जनक मगिलिगन द्वारा प्रकृति को समर्पित प्रार्थनाओं से किया. डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने सभी का स्वागत किया और बताया कि 1992 से चले आ रहे उनके द्वारा पर्यावरण संवाद का 34वां साल हैं. उन्होंने बताया की यूएनईपी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम सामूहिक कार्रवाई घोषित की गई. जिम्मी और जनक मगिलिगन फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के ट्रस्टी वीरेंद्र गोयल ने पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली के महत्व पर ज़ोर दिया. बायोटेक्नोलॉजिस्ट और रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अनुराग तिवारी ने पानी और हवा को बचाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, इंदौर वन प्रभाग के मुख्य वन संरक्षक पी.एन. मिश्रा ने सतत विकास, ज्ञानोदय और सकारात्मक सोच की शक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए. मालवांचल के मनोचिकित्सक डॉ. राम गुलाम ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की आवश्यकता है. विशेष अतिथि अनुराग तिवारी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट डायरेक्टर, एक्रोपोलिस यूनिवर्सिटी ने बताया कि प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन जीना अत्यंत सुकूनभरा, शांतिदायक एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला है. संचालन डीएवीवी एमएसडब्ल्यू इंटर्न निलेश चौहान ने किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुजराती कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रोफेसर जयश्री सिक्का, कलेक्टोरेट कार्यालय से महेंद्र धाकड़ जी, डीएवीवी इकोनॉमिक्स इंटर्न तुहिना झा आदि उपस्थित रहे.

# राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करते हैं हम : महेंद्र सिंह

- भाजपा इंदौर नगर का जिला प्रशिक्षण वर्ग शुरू



इंदौर. शनिवार को भाजपा इंदौर नगर का जिला प्रशिक्षण वर्ग एचआर ग्रीन होटल में भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे, प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी रवि रावलिया, वर्ग संभाग सह प्रभारी अशोक अधिकारी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ.

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हैं, प्रशिक्षण हमारा अभिन्न अंग है. शिक्षण के साथ प्रशिक्षण है और महा अभियान है. हमारे विचार का आधार है सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, जब जनसंघ की स्थापना की तो पहले अधिवेशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जो पहला प्रस्ताव किया उसका नाम भू साँस्कृतिक राष्ट्वाद है. हम राष्ट्रवाद के विचारों को लेकर कार्य करने वाले दल के कार्यकर्ता हैं. उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे ने की. पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमिता महाजन ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की रीति नीति का हिस्सा है, प्रशिक्षण से अनुशासन आता है. पार्टी की रीति नीति और आचार विचार मे कार्यकर्ताओं को ढालने के लिए प्रशिक्षण किया जाता है. इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह बक्शी, राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार, भूपेंद्र केसरी, भारत पारख, गौतम शर्मा, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, महामंत्री सुधीर कोल्हे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### हमारा मार्ग राष्ट्र को मजबूत करने वाला : विजयवर्गीय

छठवें सत्र में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्य विस्तार विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी अन्य राजनैतिक दलों से अलग है इसलिए इसे पार्टी विद डिफरेंस कहा जाता है. भाजपा सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती बल्कि नेशन फर्स्ट के लिए करती है. उन्होंने कहा कोई तुष्टीकरण के लिए, तो कोई जातिवाद के लिए तो कोई अपने परिवार के लिए राजनीति कर रहा है. हमारा मार्ग राष्ट्र को मजबूत करने वाला है इसलिए कार्य विस्तार जरूरी है. भारत और भाजपा एक दूसरे के पर्याय

### प्रशिक्षण कार्य पद्धति का महत्वपूर्ण अंग

द्वितीय सत्र में भाजपा का इतिहास व विकास विषय पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कहा कि 11 लोगों से शुरू हुयी यात्रा आज 14 करोड़ कार्यकर्ताओं के रूप में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है. तृतीय सत्र में सोशल मीडिया, सोशल मीडिया विषय पर प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने संबोधितक किया. सत्र की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आलोक दुबे ने की. चतुर्थ सत्र में राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने अपनी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाए एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषय पर सबोधित किया.

## भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में ई-बस से पहुंचे सांसद

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के उत्तरी क्षेत्र में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज से शुरू हुआ. उक्त प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने सांसद ई-सिटी बस से पहुंचे. इसके पीछे सांसद का मकसद पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना है.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल बचत एवं सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन देने की अपील की थी. भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शहद के एक निजी मैरिज गार्डन में आज से शुरू हुआ. उक्त पार्टी कार्यक्रम में भाग लेने सांसद शंकर लालवानी ने विजय नगर से कार्यक्रम स्थल तक ई-बस में सफर किया तथा यूपीआई से टिकट का भुगतान किया. इस दौरान उन्होंने युवाओं एवं सह यात्रियों से संवाद कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत पर चर्चा की. यात्रा के दौरान छात्र सरस जैन ने सांसद से पूछा कि क्या वे नियमित रूप से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हैं. इस पर सांसद लालवानी ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों के कारण प्रतिदिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना संभव नहीं हो पाता, लेकिन अब वे सप्ताह में एक दिन अवश्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट से यात्रा करने का प्रयास करेंगे.

### संसद की कार्रवाई की जानकारी ली

एक अन्य छात्र मोहित सिंह ने संसद की कार्यवाही और उसके संचालन के संबंध में जानकारी ली. साथ ही संसद भवन देखने की इच्छा व्यक्त की. सांसद लालवानी ने तत्काल अपने निजी सहयोगी कपिल जैन को मोहित सिंह को दिल्ली स्थित संसद भवन का भ्रमण कराने की जिम्मेदारी सौंपी. सफर में इंजीनियरिंग की छात्रा सीमा गुप्ता ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो देश का समय और धन दोनों बचेंगे. छात्रों की देश को लेकर जिज्ञासा भर प्रश्नों से सांसद लालवानी ने सकारात्मक पहल बताते हुए यात्रा समाप्त की.

## शहर में एक-दो दिन में मानसून पूर्व की बारिश होने की संभावना

तापमान में होगी गिरावट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर में अगले 24 से 48 घंटो में मानसून पूर्व की बारिश होने की संभावना बताई गई है. इतना ही नही तापमान में भी गिरावट दर्ज होगी और गर्मी से राहत भी मिलेगी. यह बात अलग है कि कल रात में ही मानसून पूर्व की बहुत हल्की बारिश हो गई और ठंडी हवाओं से मौसम में ठंडक घुल गई.**

शहर में पिछले साल की तरह इस बार भी मानसून पूर्व के बारिश दक्षिण पूर्व रास्ते से प्रदेश में प्रवेश करेगी. इससे मध्य और पश्चिमी मध्य प्रदेश में एक दो दिन में पानी गिरने की संभावना है. पिछली बार की तरह इस बार भी राजस्थान के रास्ते से बादल प्रदेश में प्रवेश करेंगे. पहले मानसून पूर्व की बारिश उत्तर पश्चिम की तरफ से प्रवेश करती थी. वैसे देखा जाए तो मानसून पूर्व बारिश की कल रात से इंदौर में शुरुआत हो चुकी है. कल रात को करीब तीन बजे के दरमियान बहुत हल्की बारिश हुई.

यही कारण है कि आज शहर का तापमान सामान्य से दो डिग्री गिरकर 38.4 डिग्री रहा. रात का तापमान भी सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा 26.6 डिग्री रहा. हां इतना जरूर है कि हवाओं के रफ्तार आज 23 किलोमीटर प्रति घंटे रही. वैसे आज शाम या देर रात को बारिश होने की बहुत संभावना बताई गई है. मौसम विभाग के अनुसार कल रात भी हल्की बारिश होने से तापमान कम जरूर हुआ, लेकिन दिन में उमस से राहत नहीं मिली. शहर का अगले तीन चार दिन तापमान सामान्य ही रहने की संभावना है. मगर मानसून पूर्व की बारिश होने से उमस भरी गर्मी बढ़ जाएगी और आमजन को पसीने में गर्मी से परेशानी हो सकती है.

## मसाला निर्माण इकाइयों पर छापे, हजारों किलो स्टॉक जब्त

- खाद्य सुरक्षा अभियान तेज, 9 नमूने लिए जांच के लिए

नवभारत न्यूज

**इंदौर. खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संभागीय खाद्य उड़नदस्ता, इंदौर ने जिले की विभिन्न मसाला निर्माण इकाइयों पर छापामार कार्रवाई की. इस दौरान कुल 9 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए, जबकि संदेहास्पद पाए गए 3396 किलोग्राम मसालों का स्टॉक जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया.**



आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के निर्देश पर प्रदेशभर में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए संभागीय खाद्य उड़नदस्तों का गठन किया गया है. इसी क्रम में इंदौर संभाग में मसालों में संभावित मिलावट की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. उड़नदस्ते ने खंडवा रोड स्थित कैलोद करताल क्षेत्र के राठौर ट्रेडर्स का निरीक्षण किया, जहां मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर का निर्माण होते पाया गया. यहां से मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, खड़ा धनिया और धनिया दाल के कुल चार नमूने जांच के लिए लिए गए. इसके बाद खंडवा रोड स्थित सौरभ स्पाइसेस प्राइवेट लिमिटेड में निरीक्षण के दौरान हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर और राई दाल के तीन नमूने लिए गए. कार्रवाई के दौरान एच.के. फूड का भी निरीक्षण किया गया, जहां से मिर्च पाउडर और नूडल्स मसाला के दो नमूने संग्रहित किए गए. निरीक्षण में संदेहास्पद खाद्य सामग्री पाए जाने पर लगभग 998 किलोग्राम मिर्च पाउडर, जिसकी अनुमानित कीमत 2.99 लाख रुपये है, तथा 2398 किलोग्राम नूडल्स मसाला, जिसकी अनुमानित कीमत 5.99 लाख रुपये है, जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 3396 किलोग्राम खाद्य सामग्री, जिसकी अनुमानित कीमत 8.98 लाख रुपये है, सुरक्षित अभिरक्षा में ली गई.

### प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. कार्रवाई दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एच.एल. अवास्या, धर्मेंद्र कुमार सोनी, राहुल सिंह अलावा और सुभाष खेड़कर शामिल रहे.

## एमडी के स्पष्ट आदेशों की खुलेआम अवहेलना

इंदौर. एमडी के स्पष्ट आदेशों की खुलेआम अवहेलना हो रही है. मामला प्रतिबंधित कर्मचारी की पुन: चोइथराम मंडी चेकिंग नाका पर तैनाती का है. मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा जारी आदेश क्रमांक स्थापना/अ-2/4538 दिनांक 19/12/2025 के माध्यम से सहायक उपनिरीक्षक राजू कुवाल सहित संबंधित कर्मचारियों को फल-सब्जी मंडी ड्यूटी से हटाकर अन्यत्र पदस्थ करने तथा भविष्य में उन्हें फल-सब्जी मंडी में पदस्थ नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे. उक्त कार्रवाई निरीक्षण एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई थी. इसके बावजूद अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक तथ्य सामने आया है कि सहायक उपनिरीक्षक राजू कुवाल को पुन: चोइथराम मंडी चेकिंग नाका पर ड्यूटी करते देखा गया है. यह न केवल मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक (एमडी) के आदेशों की प्रत्यक्ष अवहेलना है, बल्कि प्रशासनिक अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है. किसान नेता बबलू जाधव ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब मंडी बोर्ड के उच्च स्तर पर जांच के बाद स्पष्ट आदेश जारी किए जा चुके हैं, तब प्रतिबंधित कर्मचारी की पुन: उसी संवेदनशील स्थान पर तैनाती यह संकेत देती है कि कुछ अधिकारी जानबूझकर आदेशों को निष्प्रभावी बनाने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर करती है, बल्कि भ्रष्टाचार एवं मिलीभगत की आशंकाओं को भी बल प्रदान करती है.



### आंदोलन के लिए होना पड़ेगा बाध्य

बबलू जाधव ने कहा कि यदि मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक के आदेशों का ही पालन नहीं हो रहा है, तो इससे पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने मांग की कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिम्मेदारी तय की जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए. बबलू जाधव ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को व्यापक जनआंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा.

## ससुराल में कहा-सुनी के बाद लौटे प्लंबर ने लगाई फांसी

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र की फोनिक्स टाउनशिप में रहने वाले प्लंबर दिनेश पिता रंजीत (29) ने ससुराल में हुई बहस से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर जान दे दी. मृतक के पिता के मुताबिक, दिनेश की पत्नी कुछ दिनों से मायके भानगढ़ में रह रही थी. गुरुवार को दिनेश उसे लेने ससुराल पहुँचा था, जहाँ दोनों पक्षों में तीखी कहासुनी हो गई. इसके बाद वह अकेला मायूस होकर घर लौटा और खुद को कमरे में बंद कर लिया. काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर जब पिता ने खिड़की से झांका, तो दिनेश फंदे पर लटका मिला. परिजन दरवाजा तोड़कर उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. लसूड़िया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## सौतेले पिता ने 12 साल की बेटी से की छेड़छाड़

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर क्षेत्र में 12 साल की बच्ची की शिकायत पर पुलिस ने उसके सौतेले पिता के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. आरोपी पर लगातार गलत हरकत करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है.**

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी. बच्ची ने मां को बताया कि उसका सौतेला पिता आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करता था. 26 मई की रात भी आरोपी ने उसके साथ गलत हरकत की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. डर के कारण बच्ची चुप रही, लेकिन शुक्रवार को उसने हिम्मत जुटाकर मां को पूरी बात बता दी. इसके बाद मां बेटी को लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. बताया जा रहा है कि पीड़िता के पिता की मौत के बाद मां ने दूसरी शादी की थी, जिसके बाद से आरोपी उसके साथ ही रह रहा था.

### साली से भी कर चुका है हरकत

महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि कुछ दिन पहले बाणगंगा क्षेत्र में मेरी बहन के घर जाने पर आरोपी ने वहां भी अपनी साली के साथ अशोभनीय हरकत की थी. इस संबंध में बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी की तलाश की जा रही है.



## भागवत की वाणी से नई पीढ़ी को संस्कारित बनाएं

इंदौर. भागवत वह अनुपम और विलक्षण ग्रन्थ है जिस पर अनेक शोध ग्रन्थ लिखे जा चुके हैं इसके बावजूद आज तक कोई भी इस दिव्य और अनूठे ग्रन्थ की थाह नहीं ले पाया है. भागवत श्रवण की सार्थकता यही होगी कि हम भगवान की अमृतवाणी से निकले इस ग्रन्थ से नई पीढ़ी को भी संस्कारित बनाएं और स्वयं भी अपने जीवन को सँवारने के इन अनमोल रत्नों को आत्मसात करें. सात दिनों तक हम तो कथा में बैठ लिए, अब इस कथा को भी अपने अंदर बिठाने की जरूरत है. श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद ने शनिवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में गत 24 मई से चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कृष्ण सुदामा मैत्री सहित विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उक्त प्रेरक बातें कही. कथा समापन प्रसंग पर राधा कृष्ण के संग फूलों की होली का मनोहारी आयोजन भी किया गया जिसमें पहले भगवान राधाकृष्ण पर फूलों की वर्षा की गई और बाद में सत्संग सभागृह में बैठे भक्तों का भी पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया गया. आयोजन समिति की ओर से प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, अविरल मंगल, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, बालकिशन छाबछरिया, विष्णु बिंदल, राजेश चेलावत, किशोर चेलावत, अशोक ऐरन, राजेश कुंजीलाल गोयल, राजेश गर्ग, शिव जिंदल आदि ने किया. कथा समापन पर श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद एवं साध्वी कृष्णानंद का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया गया.

एक नजर में | गांधी हॉल में अहिल्याबाई होलकर उत्सव के तहत आयोजन

## प्रदर्शनी में इंदौर की सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रदर्शित

नवभारत न्यूज

इंदौर. लोकमाता मां अहिल्याबाई होलकर उत्सव 2026 के अवसर पर ऐतिहासिक गांधी हॉल में नगर निगम इंदौर एवं संस्था अवाम भारत के संयुक्त तत्वावधान में विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, भाजपा इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया.



इस अवसर पर विधायक गोलू शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कलाकार, फोटोग्राफर एवं नागरिक उपस्थित रहे. प्रदर्शनी में इंदौर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे अतिथियों ने सराहा और नई पीढ़ी को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों से जोड़ने वाला प्रयास बताया. प्रदर्शनी आम नागरिकों के लिए आगामी तीन दिनों तक खुली रहेगी. कार्यक्रम के दौरान हमारा इंदौर फोटोग्राफी प्रतियोगिता के परिणामों की भी घोषणा की गई, जिसमें शहर की स्वच्छता, विकास, संस्कृति और विरासत को कैमरे में कैद करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया.

### इनको किया पुरस्कृत

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कुलदीप केलवा, द्वितीय राशि जैन तथा तृतीय अंशुल वर्मा को प्रदान किया गया. इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे. प्रदर्शनी में प्रदर्शित छायाचित्रों ने इंदौर की स्वच्छता, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और विकास यात्रा की झलक प्रस्तुत की.